भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 770
दिनांक 26.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

एच 1 बी वीजा संबंधी मुद्दे

770. **श्री गोडम नागेश:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रधानमंत्री की हाल की अमरीका यात्रा के दौरान एच 1 बी वीजा संबंधी और अमरीका में भारतीयों की अनुमत संख्या में कटौती तथा प्रक्रिया शुल्क में भारी वृद्धि के मुद्दों को भारत द्वारा उठाया गया था और यदि हां, तो इसका क्या परिणाम निकला;

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस संबंध में अमरीका की प्रतिबंधात्मक नीति में सहमत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अमरीका तथा अन्य देशों के साथ लंबित मुद्दों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) भारतीय छात्रों को अमरीका, यूनाइटेड किंगडम तथा अन्य देशों में अपना करियर बनाने में सहायता करने हेतु इसे कब तक सुलझा लिया जाएगा?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्ति वर्धन सिंह]

(क) से (घ) जून 2023 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान, दोनों नेताओं ने पुष्टि की कि देशों के बीच पेशेवर और कुशल श्रमिकों, छात्रों, निवेशकों और व्यापार यात्रियों की आवाजाही द्विपक्षीय आर्थिक और तकनीकी साझेदारी को बढ़ाने में काफी योगदान देती है। नेताओं ने अधिकारियों को दोनों देशों के बीच व्यापार, पर्यटन और पेशेवर और तकनीकी आदान–प्रदान के लिए यात्रा की सुविधा के लिए अतिरिक्त तंत्र की पहचान करने का भी निर्देश दिया।

भारत सरकार उचित भारत–अमेरिका द्विपक्षीय वार्ता तंत्र के माध्यम से एच–1 बी वीजा कार्यक्रम सहित भारतीय पेशेवरों की आवाजाही से संबंधित सभी मुद्दों पर अमेरिकी सरकार के साथ निकटता से जुड़ी हुई है। अमेरिकी नागरिकता और आप्रवासन सेवा (यूएससीआईएस) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023 के लिए अमेरिका द्वारा जारी किए गए सभी एच–1 बी वीजा में से भारतीय नागरिकों को सबसे अधिक संख्या में एच–1 बी वीजा या 72.3% प्राप्त हुए।

अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों के साथ अपने सभी संबंधों में, हमने कुशल भारतीय पेशेवरों के प्रवासन और गतिशीलता के महत्व और उनके द्वारा अपनी–अपनी अर्थव्यवस्थाओं को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डालना जारी रखा है।

*****